हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026



# बिजली महंगी! मई की खपत पर जून के बिल में लगेगा 11.23% एफपीपीएएस शुल्क

## जिले के दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं पर पड़ेगा असर, चुकाने होंगे बिल के अतिरिक्त चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को अगले माह बिजली के नए महंगे टैरिफ के लागू होने से पहले जुलाई में आने वाले जून के बिल में एफपीपीएएस शुल्क बढ़ने का तगड़ा झटका लगेगा। इस बार का जो शुल्क तय किया गया है, वह 11.23 फीसदी है। पिछला शुल्क 9.13 फीसदी था। यानी इस बार दो फीसदी ज्यादा शुल्क देना पड़ेगा। इसके बाद अगस्त में जो जुलाई का बिल आएगा, उसमें भी एफपीपीएएस शुल्क लगेगा, लेकिन इसी के साथ नया टैरिफ लागू होने से बिजली और महंगी हो जाएगी।

बिजली में हर माह अब एफपीपीएएस शुल्क तय होने के कारण हर माह बिजली के दाम बदल जाते हैं। इस साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था। उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क था। वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल था। दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया।

वहीं बिजली उपभोक्ताओं को अब बिजली बिल तय तारीख के बाद जमा करने पर पूरे महीने का लेट पेमेंट सरचार्ज नहीं देना पड़ेगा। उपभोक्ता भुगतान जितने दिन देरी करेगा, केवल उतने ही दिनों का उसे सरचार्ज चुकाना होगा। इससे ज्यादा फायदा उन्हें होगा, जिनका भुगतान किसी कारण से एक-दो दिन की देरी से होता है।

### सीधे 9.13% पहुंचा शुल्क

फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा था, लेकिन मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क 5.91 फीसदी लगा। इसके बाद अप्रैल में मार्च का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क और कम होकर 4.24 फीसदी लगा। मई में जब अप्रैल का बिल आया था, इसमें 3.98 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लगा था। जून में जब मई का बिल आया तो इसमें करीब 9.13 फीसदी शुल्क लगा। अब इस शुल्क में और इजाफा हो गया है।



### ज्यादा बिजली खरीदी से बढ़े शुल्क

इस बार एफपीपीएएस शुल्क के बढ़ने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि गर्मी की वजह से इस बार बाहर से ज्यादा बिजली खरीदी गई है। बीते करीब दो माह से तो कोरबा के 210 मेगावाट के दो संयंत्र भी लगातार बंद रहे हैं। इस समय भी एक 210 मेगावाट का संयंत्र बंद है। इसके कारण भी अपना उत्पादन कम हो रहा है। इसी के साथ गर्मी में खपत ज्यादा होने के कारण डिमांड सात हजार मेगावाट तक गई है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में तुमडीबोड पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 जून को चौकी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा एमसीपी कार्रवाई के दौरान मुखबीर सूचना पर ग्राम मचानपार बाड़ी नाली के पास रेड कार्रवाई कर घेराबंदी कर आरोपी सुधाकर बनवासी के कब्जे से लेदर बैग में कुल 17 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 360 रुपए कुल जुमला कीमती 1720 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मॉय एंगल




## जेठ के बीतने बाद अब आषाढ़ से ही उम्मीदें, बारिश की बढ़ेंगी गतिविधियां

# सात साल बाद जून में ऐसा सूखा, जिले में 84% कम बारिश, पिछड़ रही खेती!

## बोनी के लिए बेहतर बारिश के इंतजार में बैठे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में इस बार मानसून दस्तक देने के बाद भी रंगत में नहीं आ पाया है। पिछले कुछ सालों में बेहतर बारिश की वजह से किसानों को काफी राहत मिलती रही है, लेकिन इस बार मानसून की बेरूखी ने उनकी चिंता भी बढ़ा दी है। हालत यह है कि करीबन सात साल बाद जून महीने में इतनी कम बारिश देखने को मिली है। इससे पहले साल 2019 में इतनी कम बारिश वाला जून महीना देखने को मिला था।

इस बार की बात करें तो जहां मानसून लगभग आठ दिन देरी से जिले में पहुंचा था। वहीं अब तक मानसून सक्रिय नजर नहीं आया है। यही कारण है कि औसतन अब तक जिले में जहां 140 मिमी के करीब बारिश होनी थी। जिले में महज 23 मिमी बारिश ही हुई है। जबकि पिछले कुछ दिनों से मौसम विभाग लगातार बारिश को लेकर येलो एवं आरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। ऐसे में अब 30 जून से शुरू होने वाले आषाढ़ महीने से ही उम्मीदें बढ़ गई है। अल्प वर्षा के चलते जहां मौसम का तेवर ठंडा नहीं हो पा रहा है। वहीं खेती चक्र भी पिछड़ता जा रहा है। बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिन किसानों ने बारिश को देखे बिना बुवाई कर दी थी, उन्हें अब बीज खराब होने के चलते दोबारा बुवाई करने की नौबत तक आ रही है।

### जिले में वर्षवार जून की बारिश

| | |
|---|---|
| 2026 में | 23 मिमी |
| 2025 में | 42 मिमी |
| 2024 में | 118 मिमी |
| 2023 में | 246 मिमी |
| 2022 में | 116 मिमी |
| 2021 में | 168 मिमी |
| 2020 में | 248 मिमी |
| 2019 में | 33 मिमी |

ज्ञात हो इस बार के सूखे से पहले जिले में इतनी कम बारिश जून के महीने में साल 2019 में देखने को मिली थी। तब भी किसानों की फसल पर असर देखने को मिला था।



### बारिश को लेकर अलर्ट

इधर मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए बारिश को लेकर अलर्ट जारी किए है। नांदगांव एवं एमएमसी जिले के लिए जहां येलो अलर्ट जारी किए गए है, केसीजी जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी हुए है। बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो आषाढ़ की शुरुआत भी हो चुकीं है।

### तीनों जिले बारिश में पिछड़े, किसान चिंतित

ऐसा नहीं है कि केवल राजनांदगांव जिले में अल्प वर्षा देखने को मिल रही हो, बल्कि पूरे अविभाजित राजनांदगांव का यही हाल है। जिलेवार आंकड़े देखे तो राजनांदगांव जिले में इस बार रविवार तक महज 16 फीसदी यानी 23 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि सामान्य तौर पर इस अवधि में जिले में 137 मिमी बारिश होनी थी। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 38 मिमी बारिश हुई है, जो लगभग 75 फीसदी कम है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 64 मिमी बारिश हुई है, जो औसतन बारिश से 49 प्रतिशत कम है।

**जिले में छह फीसदी ही बुवाई:** मानसून की सुस्त चाल और पर्याप्त वर्षा नहीं होने से जिले के किसान भारी चिंता में हैं। जून माह समाप्त होने को है, लेकिन अब तक खरीफ फसलों की बुवाई अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। कृषि विभाग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जिले में लक्ष्य के मुकाबले 6 प्रतिशत से भी कम क्षेत्र में बुवाई हो पाई है। खेतों की तैयारी पूरी होने के बावजूद किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हर वर्ष जून के दूसरे पखवाड़े तक धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई तेज हो जाती है, लेकिन इस बार पर्याप्त नमी नहीं मिलने से किसान बीज डालने का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं। कई किसानों ने खेतों की जुताई और बियासी का कार्य पूरा कर लिया है। बीज और खाद की व्यवस्था भी कर ली गई है, लेकिन बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं।

# पीएम आवास योजना के लिए रुपए लेने का आरोप

## रोजगार सहायक और सचिव खिलाफ शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति दिलवाने के लिए ग्रामीणों से एक-एक हजार रुपए लेने का मामला सामने आया है। वहीं रुपए देने के बाद भी आवास की स्वीकृति नहीं होने पर आज ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर रोजगार सहायक, पंचायत सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोठीटोला के आश्रित ग्राम नवागांव के 90 हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पंचायत कर्मियों द्वारा एक-एक हजार रुपए लेने की शिकायत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कलेक्टर से की गई है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा कि कोठीटोला के आश्रित ग्राम नवागांव के ग्राम पंचायत कर्मचारी रोजगार सहायक, इंजीनियर, कोटवार द्वारा 90 हितग्राहियों के घर-घर जाकर सत्यापन कर फोटो खींचा गया और इन लोगों द्वारा जानकारी दिया गया कि आपका नाम प्रधानमंत्री आवास सूची में आया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास फाइल बनाने के नाम पर सभी से एक-एक हजार रुपए लिया गया है।

### सूची में नहीं मिला नाम

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बीते 24 जून को ग्रामसभा में आवास सूची का नाम का वाचन किया गया, तब सभी 90 परिवारों का नाम गायब था। ज्ञापन सौंपने पहुंची सरस्वती कंवर, गणेशराम कंवर सहित अन्य ने कहा कि इस पूरे मामले में सचिव की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने कलेक्टर से पात्र हितग्राही परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने मांग की है।

### भूख हड़ताल करने चेतावनी

ग्रामीणों ने मांग करते कहा कि रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। वहीं सात दिवस में मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने जिला कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करने चेतावनी दी है।

# परिक्रमा पथ निरस्त करने, बाईपास निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस द्वारा परिक्रमा पथ को निरस्त करने, बाईपास के निर्माण को पुनः आरंभ करने एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत शहर के मध्य से गुजरने वाले भारी वाहनों को डोंगरगढ़ शहर में प्रवेश निषेध करने की मांग को लेकर चक्काजाम प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। इस मांग को लेकर आज चक्काजाम प्रदर्शन किया गया। उक्त मांग को लेकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवाज खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर उक्त मांग को दोहराया। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि डोंगरगढ़ शहर में परिक्रमा पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। परिक्रमा पथ की शहर को कोई आवश्यकता नहीं है। परिक्रमा पथ का निर्माण का जो मुख्य उद्देश्य बताया गया है, वहीं सभी धार्मिक स्थलों को आपस में जोड़ने इसका निर्माण किया जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि सभी धार्मिक स्थल आज की स्थिति में भी आपस में रोड के माध्यम से जुड़े हुए हैं। सभी मुख्य मार्ग से सभी धार्मिक स्थल तक पर्याप्त मार्ग उपलब्ध है। इस स्थान पर अतिरिक्त मार्ग की कोई आवश्यकता नहीं है, जिसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

### पुलिस की हो तैनाती

शहर के अंदर सुबह 8 से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधित किया जाए। शहर के मुख्य तीन स्थान इंडेन गैस एजेंसी, हाई स्कूल के सामने थाना चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### चक्काजाम के दौरान कांग्रेस ने रखी प्रमुख मांगे

शहर को कई वर्षों से बाईपास की आवश्यकता है। हर बार डोंगरगढ़ शहर को कागजो में बाईपास मिलता है और कागज में ही समाप्त हो जाता है। शहर के मध्य से भारी वाहनों का प्रवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे शहर एवं आसपास के ग्राम में यातायात का दबाव बढ़ गया है। मांग की गई कि परिक्रमा पथ का निर्माण निरस्त किया जाए। बाईपास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

## शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर बनी जांच के लिए समिति

# व्यापारियों पर दबाव के साथ वसूली की शिकायतें फूड एंड ड्रग प्रभारी के खिलाफ बनी जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन का जिम्मा संभालने वाले अधिकारी के खिलाफ जांच समिति का गठन कर दिया गया है। व्यापारी संगठनों द्वारा कलेक्टर से लिखित शिकायत करने के बाद यह एक्शन हुआ है। बताया गया कि व्यापारियों ने शिकायत में अधिकारी द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में वसूली भी एक अहम कारण बताया जा रहा है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले के विभिन्न व्यापारी एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन तरूण बिरला के कार्य व्यवहार एवं कार्यप्रणाली को लेकर प्रस्तुत शिकायतों के आधार पर जांच समिति का गठन किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, थोक किराना व्यापारी संघ, होटल हलवाई संघ, फूड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहित अन्य व्यापारी संगठनों द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन तरूण बिरला के कार्यप्रणाली के कारण व्यापारियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित एवं परेशान करने की शिकायत की गई है। साथ ही व्यापारिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के संबंध में आरोप लगाए गए हैं।

### न्याय की मांग

चेंबर ऑफ कामर्स का काम व्यापारियों की हर परेशानी को दूर करना है। इसी क्रम में लगातार आ रही शिकायतों के बाद उक्त मामले में कार्रवाई की मांग प्रशासन से की गई है। उम्मीद है उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **कमलेश बैद**, अध्यक्ष, चेंबर ऑफ कामर्स

### 7 दिनों के भीतर मांगी रिपोर्ट

कलेक्टर ने प्रकरण की गंभीरता को देखते तीन सदस्यीय जांच समिति गठित किया है। जांच समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों में लगाए गए आरोपों की बिंदुवार जांच करते संबंधित पक्षों के कथन एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा तथा तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन, स्पष्ट अभिमत एवं आवश्यक अनुशंसाओं सहित 7 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर में प्रस्तुत करने निर्देशित किए गए हैं।

### सभी संस्थाएं हो रही परेशान

मिली जानकारी के अनुसार शहर के थोक किराना व्यापारी संघ, होटल हलवाई संघ, फूड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जैसे करीबन पांच से छह संस्थाओं द्वारा शिकायत की गई थी। इन संस्थाओं का आरोप है कि जांच के दौरान उक्त अधिकारी द्वारा उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। वहीं कमीशन लेने के भी आरोप लगे हैं। जिसके बाद चेंबर ऑफ कामर्स ने आगे आकर प्रशासन से उक्त अधिकारी के खिलाफ एक्शन की मांग की है।





संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444


डॉक्टर्स डे
की हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. ए. एस. दीक्षित
एम.डी. (मेडिसिन)
फिजिशियन एवं कार्डियोलॉजिस्ट
राजनांदगांव
स्वास्थ्य सेवा में समर्पित, आपके स्वस्थ जीवन के प्रति वचनबद्ध
स्थान: लालबाग, गली नं. 1 राजनांदगांव


डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. भूपेन्द्र हिरवानी
सुकुलदैहान, जिला-राजनांदगांव


डॉक्टर्स दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY DOCTOR DAY
डॉ. अरविंद सिंह
पता- नंदई चौक, राजनांदगांव


डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई
डॉ. संजय बख्शी
एम.बी.बी.एस. डी आर्थो अस्थि रोग विशेषज्ञ
हाऊसिंग बोर्ड कालोनी
लालबाग राजनांदगांव
मो. 9826113123
सुबह 10 से 4 बजे तक, शाम 7 से 9 बजे तक


National Doctor's Day
चिन्मय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
विश्व चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई...
उपलब्ध सुविधाएं -
स्त्री रोग (बच्चेदानी का इलाज) एवं प्रसूति की सुविधा.
नाक, कान, गले संबंधी रोगों का विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा समुचित इलाज, समय- प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक.
आयुष्मान कार्ड द्वारा सर्वसुविधायुक्त डायलिसिस की व्यवस्था.
शिशु रोग का इलाज एवं सर्वसुविधायुक्त NICU की व्यवस्था,
प्रतिदिन क्रिटीकल केयर एवं इमरजेंसी चिकित्सा उपलब्ध एवं
सर्वसुविधायुक्त गहन चिकित्सा ईकाई की व्यवस्था
डॉ. सुषमा कुमरे
(D.G.O. स्त्री रोग विशेषज्ञ)
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 12 व शाम 5 से 7 बजे तक.
डॉ. बी. के. कुमरे
(M.B.B.S.)
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 12 व शाम 5 से 7 बजे तक.
विशेष- रियायती दरों पर स्त्री रोग, प्रसूति तथा डायलिसिस की विशेष सुविधा उपलब्ध.
संपर्क मो. नं. 7869677670, 7987775165


श्री राधेश्याम ऑर्थो केयर
विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...
उपलब्ध सुविधाएं -
हड्डी रोगों का सम्पूर्ण ईलाज,
HIP & KNEE जोड़ प्रत्यारोपण,
SPORTS INJURY का विशेष ईलाज.
नये एवं पुराने जटिल फ्रैक्चर का ईलाज, दूरबीन पद्धति द्वारा घुटने एवं कंधे के लिगामेंट का उपचार
रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों का ईलाज,
कमर दर्द, गर्दन दर्द, साईटिका का ईलाज,
गठिया एवं समस्त प्रकार के वात रोगों का ईलाज
डॉ. योगेश सोनी
MBBS, MS, Orthopoedics (Mumbai)
DNB Orthopoedics MNAMS, FIASM
गांधी नर्सिंग होम के पास, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9752771478, 8462099133


RDC
डॉक्टर्स-डे
की
हार्दिक
बधाई...
National Doctor's Day
उपलब्ध सुविधाएं
आई.सी.यू.
आई.सी.सी.यू.
कलर डॉपलर ईको कार्डियोग्राफी
सोनोग्राफी (सभी प्रकार की)
डिजीटल एक्स-रे (सभी प्रकार की)
एक्स-रे
पैथोलॉजी
हार्मोनल स्टडी
संपूर्ण मेडिकल चेकअप की सुविधा
भर्ती की विशेष सुविधा
डॉ. आरती उईके
एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट
डॉ. फुलेन्द्र उईके
एम.डी. मेडीसीन
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
राजनांदगांव डायग्नोस्टिक सेंटर & हॉस्पिटल
वर्धमान नगर, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
फोन नं. 07744-225670, 405670, मो. 99079-07329


श्री
कृष्णा हॉस्पिटल
राजनांदगांव
मल्टी-सुपरस्पेशालिटी
स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता
आपकी सेहत, हमारी जिम्मेदारी
SHREEKRISHNA HOSPITAL
Dr Rahul Govindani, MD Medicine
Dr Darshan Harne, Dip Resp Medicine
Dr Kuldeep Singh, Mch Neurosurgery
Dr Aditya Chandel, MS Ortho
Dr Anurag Yadav, Mch Urology
हमारी प्रमुख सुविधाएं
यूरोलॉजी
UROLOGY
किडनी, पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोगों का इलाज
नवजात शिशु देखभाल इकाई (NICU)
NEONATAL CARE UNIT
नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल एवं आधुनिक सुविधाएं
हड्डी एवं जोड़ रोग उपचार
ORTHOPEDIC
हड्डी, जोड़, स्पाइन एवं मसल्स से संबंधित सभी समस्याओं का उपचार
न्यूरो एवं ट्रॉमा सेंटर
NEURO & TRAUMA CENTER
ब्रेन, स्पाइन, नसों के रोग एवं 24x7 ट्रॉमा केयर की अत्याधुनिक सुविधा
उन्नत आईसीयू
ADVANCED ICU
वेंटिलेटर, मॉनिटरिंग एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा उन्नत देखभाल
स्त्री रोग विशेषज्ञ
GYNECOLOGY
महिला स्वास्थ्य, गर्भावस्था एवं प्रसूति से जुड़ी सभी समस्याओं का उपचार
24x7 इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर
अनुभवी डॉक्टरों की टीम
आयुष्मान योजना से संपूर्ण इलाज निशुल्क की सुविधा
AYUSHMAN CARD
₹5 लाख
बेसाइड राज मोटर्स के पास, जी. ई. रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
स्वस्थ जीवन की और एक कदम
08602140031

# विश्व चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई...



## Dr. Prachi Sahu
(Gold Medalist)
Homoeopathic Consultant

### Homoeopathy has cure for :-

- ENDOMETRIOSIS
- FISSURE
- ALLERGIES
- INFERTILITY
- THYROID AND OTHER
- RECURRENT COLD COUTH
- FEVER
- JOINT DISEASES
- HARMONAL DISORDERS
- BRONCHITIS
- STONES
- SKIN DISEASE
- ASTHMA
- MENSTRUAL DISORDERS
- OVARIAN CYST
- FIBROID
- PAEDIATRIC ISSUES ETC.

Contact No. 7000289170

Anupam Nagar, Stadium Road, Rajnandgaon

# किसी भी प्रकार की हृदय समस्या के लिए

VARDAAN POLYCLINIC

## वरदान पॉलीक्लिनिक

डॉ. जाहिद खान – हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश नि. भोरकर – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार – नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

### हृदय रोग संबंधी होने वाले लक्षण
- सीने में भारीपन
- चलने पर सांस फूलना
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना
- हार्ट अटैक

### हड्डी रोग में दिखने वाले लक्षण
- हड्डी में चोट या फ्रैक्चर.
- कमर दर्द, गर्दन का दर्द.
- आर्थराइटिस.
- गठिया से होने वाला दर्द
- जोड़ों में दर्द.
- हड्डी और लिगामेंट से जुड़ी सभी समस्याएं.



### उपलब्ध बाल चिकित्सा सेवाएं
- नवजात शिशु से लेकर 18 साल तक के बच्चों का संपूर्ण स्वास्थ्य परामर्श
- अनुवांशिक बिमारियों पर पालकों का मार्गदर्शन
- बच्चों का विकास परीक्षण एवं आहार परामर्श
- किशोरावस्था समस्या निवारण
- सांस लेने की समस्या, न्युमोनिया, दमा, टी.बी. संबंधित उपचार व परामर्श
- बदलते मौसम में होने वाली सर्दी-खांसी का इलाज
- खून की कमी, पेट की समस्या, उल्टी-दस्त, अन्य समस्याओं का इलाज



नवजात शिशु एवं बाल हृदय रोग के 2D इको का एकमात्र स्थान

ओ.पी.डी. समय : शाम 05:30 बजे से रात्रि 08:30 तक

बग्गा पेट्रोल पंप के सामने, वीआईपी रोड, बसंतपुर वार्ड नं. 44, राजनांदगांव (छ.ग.)



अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें : 96855-45146

# डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल

DKM

## डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई



OPD TIME
12 PM - 3 PM

6232021001
6232021002

सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध

डॉ. स्मिता रेड्डी मोहबे (स्त्री रोग विशेषज्ञ )

आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध।

जनरल मेडिसिन | जनरल सर्जरी | पीडियाट्रिक्स | ऑर्थोपेडिक्स | स्त्री रोग विशेषज्ञ

DKM डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल

# विश्वसनीय एवं भरोसे का प्रतीक
## शुक्ला SMS HOSPITAL मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301033013
9752899208




### उपलब्ध सुविधाये
- जनरल मेडिसीन विभाग
- जनरल / लेजर एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
- नवजात शिशु एवं बालरोग विभाग
- ICCU & NICU की सुविधा
- आपरेशन थियेटर
- न्यूरोलॉजी विभाग
- कैंसर विभाग
- नाक कान गला रोग विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- स्त्री रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) विभाग
- 24 घंटे पैथोलॉजी की सुविधा







प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

## आयुष्मान कार्ड
से नि:शुल्क इंलाज की सुविधा उपलब्ध है



## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केंद्र में किया फल वितरण

**पटेवा।** सदगुरू कबीर प्राक्ट्य महोत्सव के अवसर ग्राम के कबीर भवन में उनके चरणों में पान फूल नारियल भेंट बंदगी कर गुरु महिमा, पुनो माहत्म पाठ आरती किया गया। एसकेडीव्ही मिशन के प्रतिनिधियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका पहुंचर फल एवं मिठाई का वितरण किया। इस दौरान महंत कन्हैयादास साहेब, माखन लाल साहेब, हलधर साहेब, नूतन साहेब, पुनीतदास साहेब, नीलिमा साहेब, पोषण साहेब, विशाल साहेब,लीलाराम साहेब, दुर्गा साहेब, लल्ली साहेब, गिरजा साहेब आदि मौजूद थे।

### शेड निर्माण में गड़बड़ी



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मोहारा सहित अन्य पंचायतो में बाजार शेड का निर्माण भिलाई के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में बड़े पैमाने में अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिली है। विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख का बंदरबाट करते हुए कार्य किया जा रहा है। शिवपुरी के बाद मोहारा के ग्रामीण अब जिला प्रशासन से शिकायत करने की तैयारी में हैं।

### युवा मोर्चा के प्रवक्ता बने जयकांत

**डोंगरगढ़।** शहर भाजयुमो के प्रवक्ता पद पर जयकांत सिन्हा की नियुक्ति हुई है। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवा मोर्चा मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्हे विशु खांडेकर, देव वर्मा, सावन टेम्बुरकर, सुमित मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, विक्रांत राजपूत, जयंत साहू ने बधाई दी है।



## अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने विशेष अभियान

# पुलिस ने देर रात की कॉम्बिंग गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने विशेष अभियान चलाया। आदतन अपराधियों पर निगरानी रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने रात बाहर बजे से सुबह चार बजे तक खैरागढ़ व गंडई थाना क्षेत्र में व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाया।

अभियान दौरान बरेठपारा, जमातपारा, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार, धरमपुरा, अमलीपारा, दाऊचौरा, बस स्टैंड, शिव मंदिर रोड, राज फेमली क्षेत्र, गंजीपारा, रश्मिदेवी कॉलोनी, खम्हरिया, इंदिरा आवास पारा, अटल आवास और पिपरिया क्षेत्रों में गश्त की वही गंडई में बस स्टैंड, रावण पारा, रामपारा, कोपेभाठा, टिकरीपारा, कुम्हारपारा, पटेल पारा, महामाई पारा, मस्जिदपारा, कंडरा पारा, नवापारा, देवपुरा क्षेत्रों में गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के बैंक, एटीएम, सराफा बाजार, संवेदनशील स्थलों, लॉज व ढाबों की गहन जांच साथ निगरानीशुदा व गुंडा बदमाशों, फरार वारंटियों सहित अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के निवास स्थानों पर दबिश देकर उनकी उपस्थिति जांच कर उनसे वर्तमान आय-व्यवसाय के संबंध में पूछताछ करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।



### निगरानी व गुंडा बदमाशों के घरों पर दी दबिश

*अभियान दौरान तीन स्थायी वारंट की तामीली की गई। 9 निगरानी बदमाश और 25 गुंडा बदमाशों के निवास स्थानों पर दबिश देकर वैधानिक कार्रवाई की गई और सभी को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कानून का पालन करने की समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त देर रात्रि में बिना किसी उचित कारण के घूमते पाए गए व्यक्तियों को थाना लाकर उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर भविष्य में अनावश्यक रूप से देर रात न घूमने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने आगे भी जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का विशेष अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।*

# मनरेगा कर्मियों का आंदोलन 2 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वीबीजीरामजी योजना के शुभारंभ के साथ प्रदेश के लगभग 12 हजार कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन पर जाएंगे। कर्मचारियों ने 2 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन करने का ऐलान किया है। उन्होंने सरकार से नियमितीकरण सहित तीन प्रमुख मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की है।

कर्मचारियों का कहना है कि वह 20 वर्षों से ग्रामीण विकास और रोजगार गारंटी योजनाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हे नियमितीकरण, सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधा नहीं मिल सकी हैं। उनका आरोप है कि सरकार नई योजनाओं का शुभारंभ तो कर रही है, लेकिन उन्हीं योजनाओं को जमीन पर सफल बनाने वाले कर्मचारियों की अनदेखी किया जा रहा है। संघ ने सभी कर्मियों का नियमितीकरण, नियमितीकरण होने तक मानव संसाधन नीति लागू कर सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने, रोजगार सहायकों को मानदेय के स्थान पर संविदा कर्मचारी का दर्जा देकर ग्रेड पे निर्धारित करने की मांग की है। कर्मचारियों ने बताया कि 2 जुलाई को जनपद स्तर पर धरना देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में 3 जुलाई को जिला स्तर पर प्रदर्शन होगा। आगामी 4 जुलाई को प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### खुद के भविष्य की गारंटी नहीं

*कर्मचारियों का कहना है कि दो दशक से ग्रामीण रोजगार की गारंटी देने वाले कर्मचारी अपनी नौकरी को लेकर असमंजस में हैं। उनका कहना है कि मनरेगा को राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार मिलने के बाद भी कर्मचारियों का भविष्य अधर में है। मानव संसाधन नीति के लिए गठित समिति के 21 महीने बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि ग्राम रोजगार सहायकों की ग्रेड-पे संबंधी मांग वर्षों से लंबित है।*

# प्रशिक्षण शिविर अभनपुर में राहुल गांधी से मिले जितेंद्र मुदलियार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ के अभनपुर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में वे स्वयं भी शामिल हुए। पहले ही दिन उन्होंने जिला अध्यक्षों से एक-एक कर बातचीत की और मार्गदर्शन दिया। श्री मुदलियार ने बताया कि संक्षिप्त भेंट में राहुल गांधी ने राजनांदगांव के क्षेत्रीय संगठन से जुड़ी जानकारी में रूचि दिखाई। उन्होंने स्थानीय मुद्दों और राजनीतिक घटनाक्रम पर भी चर्चा की।

श्री मुदलियार ने बताया कि राहुल गांधी ने प्रशिक्षण में मुद्दों पर गहन विश्लेषण और त्वरित प्रक्रिया पर जोर दिया। उनके मुताबिक संगठन सृजन का उद्देश्य सिर्फ कांग्रेस को मजबूत बनाना नहीं, बल्कि देश की जनता के लिए एक सशक्त नेतृत्व खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के असत्य, कुशासन-कुनीति के खिलाफ कांग्रेस अपनी नैसर्गिक गांधीवादी विचारधारा के साथ लड़ाई लड़ेगी। राहुल गांधी ने सभी जिला अध्यक्षों को किए गए बदलाव, निर्धारित प्रक्रिया और नियम के संबंध में भी विशेष जानकारी दी।

शिविर में राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी व महासचिव सचिन पायलट, राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, तिरुवल्लूर सांसद शशिकांत सेंथिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सह-प्रभारी सचिव एस. संपत, सह-प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग व विजय जांगिड़ एवं प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने भी मार्गदर्शन किया।

# पीएम आवास प्लस 2.0 में व्यावहारिक दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पंचायत सचिवों ने मांगा मार्गदर्शन

पीएम आवास में व्यावहारिक दिक्कतों से निजात दिलाने पंचायत सचिव संघ ने ज्ञापन सौंपकर मार्गदर्शन मांगा। ब्लाक अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर, प्रेमचंद सेन, नाजनीन नियाजी, खुमान यादव, भागवत साहू, श्याम सिंह धुर्वे, खोम रजक, नूतन साहू, रमेश वर्मा सहित अन्य ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंदवा्रल और जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल को सौंपे ज्ञापन मे आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची मे सरकार द्वारा निर्धारित 12 बिंदु अंतर्गत ग्राम सभा मे सत्यापन अनुमोदन प्रक्रिया के दौरान सामने आ रही व्यावहारिक दिक्कत, विसंगति और सरंपच सचिव की जिम्मेदारी के संबंध मे मार्गदर्शन मांगा है। जिसमें उन्होंने सर्वे की पृष्ठभूमि और वर्तमान विसंगति की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि सर्वे दौरान लोकल स्तर पर आवास मित्र नियुक्त थे जिन्हें शासन से सेल्फ सर्वे का विकल्प दिया था उस समय अपात्र व एक ही परिवार के कई सदस्यों द्वारा गलत जानकारी देकर तथ्य छिपाते हुए कच्चे मकानों के सामने खड़ा होकर फोटो अपलोड कराया गया है जिसके कारण वे सभी प्रारंभिक तौर पर पात्र नजर आ रहे है।

संघ सदस्यों ने कहा कि सर्वे बाद जनपद पंचायत द्वारा एआई तकनीक के माध्यम से 5173 संदेहास्पद आंकडो.को पृथक कर दिया था चेकर्स ने इसका भौतिक सत्यापन भी किया लेकिन उसके बाद भी जनपद द्वारा जो सूची ग्राम सभा मे वाचन व अनुमोदन के लिए दिया गया है उसमे अभी भी वही लोग शामिल है जबकि कुछ नाम कट गए है इस स्थिति मे ग्रामसभा में ग्रामीण यह सवाल उठा रहे कि पात्र होने के बाद भी उनका नाम कैसे कट गया और पक्के मकान वाले संपन्न लोगों का नाम सूची मे कैसे बना हुआ है जिसका जवाब देने पर विवाद और अशांति का वातावरण बन रहा है।



### गिरदावरी की तर्ज पर हो सत्यापन

*पंचायत संघ सदस्यों ने कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों से उक्त गंभीर विषय पर शासन से स्पष्ट लिखित व व्यावहारिक दिशा निर्देश, फसल गिरदावरी की तर्ज पर भौतिक सत्यापन और भविष्य मे अपात्रों के आवास स्वीकृति की दशा में सरपंच सचिव की जिम्मेदारी तय नही करने मार्गदर्शन मांगने का अनुरोध किया है।*

### ग्राम सभा में हो रहा विवाद

*संघ सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा एसओपी अनुसार 12 बिंदुओ को ग्राम सभा में उनके द्वारा पढ़कर सुनाया गया और पात्र हितग्राहियो के नामों का अनुमोदन करने कहा गया, लेकिन ज्यादातर ग्रामसभाओं में उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि सरकार जब पक्का मकान दे रही तो किसी भी व्यक्ति का नाम सूची से नही काटना है। जिसके चलते बिना किसी नियम और निर्धारित बिंदुओ का पालन किए बिना जनपद से मिली सूची को जस के तस अनुमोदन कराया जा रहा है। लोकल स्तर पर दिशा निर्देश की जानकारी देने पर ग्रामीण उग्र होकर विवाद करने लगते है। उन्होंने कहा कि एसओपी में निर्धारित मानको की प्रमाणित जानकारी पंचायत स्तर पर नही होने के कारण भी वो सही गलत की मौके पर पड़ताल नही कर सकते। संघ सदस्यों ने कहा कि शासन के विभागीय पत्रों में गलत होने पर सरपंच सचिव को वैधानिक रूप से जिम्मेदार बताया गया है जबकि इसके ठीक विपरीत इस बात का प्रचार प्रसार किया जा रहा कि सरपंच सचिव किसी का भी नाम अपनी मर्जी से नही काट सकते इसका अधिकार सिर्फ ग्राम सभा को है। उन्होंने यह भी कहा कि बिंदुओं का पालन करने पर सीएम जनदर्शन, कलेक्टर में झूठी शिकायत दर्ज करवाई जा रही है। यह स्थिति सरपंच सचिव के मानसिक व प्रशासनिक उत्पीड़न का कारण बन रहा है। उनका कहना है कि बिंदुओ का पालन करने पर वर्तमान में जारी सूची में शामिल नामों में से आधे से ज्यादा कट जाएंगे, लेकिन ग्राम सभा के सर्वोच्च निर्णय अधिकार के कारण ऐसा करना धरातल पर संभव नही है।*

# सदगुरू संत कबीर साहेब के प्राकटय दिवस पर विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सदगुरू कबीर साहेब का प्राकटय दिवस सोमवार को नगर में हर्षोंल्लस पूर्वक मनाया गया। मानिकपुरी समाज एवं कबीर मंदिर समिति के सयुक्त तत्वावधान में कबीर जंयती के अवसर पर नगर में सुबह से देर रात तक विविध आयोजन हुए।

जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को नगर के वार्ड 8 स्थित कबीर मंदिर में सदगुरू कबीर साहेब की पूजा अर्चना से हुआ। प्रातः दस बजे कबीर पंथियों एवं मानिकपुरी समाज द्वारा नगर में संत कबीर साहेब की शोभायात्रा एवं मंगल कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रा कबीर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए वापस कबीर मंदिर में आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नगर के मुख्य मार्गो में जगह जगह स्वागत हुआ। शोभायात्रा के समाप्ति पश्चात बेमेतरा भाठागांव से पधारे मंहत जितेन्द्र दास साहेब एवं अन्य महंतो के द्वारा कबीर मंदिर में जयंती के अवसर पर निशान पूजा एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में नगर के अलावा आस पास के गांवो से आए कबीर पंथी एवं मानिकपुरी समाज समाजिक जन बडी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से समाज के जिला अध्यक्ष गोविंददास, ब्लाक अध्यक्ष जागृतदास, एवं एम मानिकपुरी, बिसाहूदास, सुकृतदास, मनोहर दास, साहेबदास, भूषणदास, प्रकाशदास, देवदास, शिवशंकर दीवान, गोविंददास, शोभितदास, शंकरदास तीजन बाई, दुर्गा मानिकपुरी सहित बडी संख्या में समाज की महिलाएं बच्चे एवं पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।



### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

*कबीर जयंती के अवसर पर मानिकपुरी समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बोर्ड परीक्षाए पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ठ स्थान अर्जित करने वाले समाज के बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित कबीर मंदिर में आने वाले समय में प्रथम तल का निर्माण होगा। सदगुरू संत श्री कबीर साहेब के जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने सामजिकजनों की मांग पर कबीर मंदिर में प्रथम तल निर्माण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।*

### प्रेम, सेवा एवं संस्कार से ही बनेगा समरस समाज

*सदगुरू कबीर साहेब के प्राकटय दिवस पर मानिकपुरी समाज द्वारा आयोजित मंचीय कार्यक्रम में जिला भाजपा के अध्यक्ष दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष राजेश गुजराती, किसान मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष अरूण यादव तथा वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर अडभैया, सहकारिता विभाग भाजपा के जिला संयोजक अंबर जोशी, पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू, मानिकपुरी समाज की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष तीजन मानिकपुरी, योगेन्द्र मिश्रा, शिक्षक गांवरे शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों ने संत कबीर साहेब के जीवन दर्शन को आज के दौर में भी प्रासंगिक बताते हुए संत के बताए हुए मार्गों पर चलने का संदेश दिया।*




# कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर



**डोंगरगढ़।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। पालिका के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शिव निषाद के मोक्ष ऑटो पार्ट्स में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने श्री यादव का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, हरीश भंडारी, संजीव गोमास्ता, संजीव वशिष्ठ, जितेंद्र सिंह भाटिया सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान वार्ड 5 की पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे की उपस्थिति चर्चा का विषय रही। उल्लेखनीय है कि पालिका चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल किया था। भाजपा से निष्कासित होने के बाद उन्हें पीआईसी में शामिल किया गया था लेकिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विरोध जताने पर हटा दिया गया था।






## खबर संक्षेप

### स्वागत के साथ शिक्षा सत्र का आगाज

**खड़गांव**। स्थानीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी- हिंदी विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज उत्सवपूर्ण माहौल में हुआ। स्कूल परिसर में आयोजित प्रवेश उत्सव के दौरान पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चों का स्वागत शिक्षकों और अतिथियों ने तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर किया। बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सईदा खान और विशिष्ट अतिथि सरपंच रमीला धुर्वे थी। अध्यक्षता प्राचार्य खेमलता दास ने की। इस दौरान दुर्गा गुप्ता, गजराज धुर्वे, नीलिमा जैन आदि ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य श्रीमती दास ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पालकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। संचालन व्याख्याता चंद्रशेखर उइके ने किया।




### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान 3 से

**डोंगरगांव**। समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं नवीनाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के आशीर्वाद से नगर के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार द्वारा श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन आगामी 3 जुलाई से रखा गया है। कोतमा के राजेन्द्र भैया के सानिध्य में श्री दिगम्बर जैन मंदिर में यह धार्मिक आयोजन आगामी 10 जुलाई तक चलेगा। इस अनुष्ठान के मंगल शुभारंभ के पूर्व 2 जुलाई को शाम 7बजे चौधरी निवास से पूजन सामग्री एवं द्रव्य मंगल यात्रा के साथ जैन मंदिर पहुंचाया जाएगा। मंदिर में ही हल्दी एवं मेहंदी का कार्यक्रम होगा। आगामी 3 जुलाई को प्रातः श्री जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, घट यात्रा एवं ध्वजारोहण के पश्चात श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ होगा। पुण्यार्जक चौधरी भरत कुमार, राजश्री जैन, गौरव, आकांक्षा, अक्षय अंकिता, अनुज सोनम ने समस्त श्रावक-श्राविकाओं से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### नाली खोदकर छोड़ने से हादसे की आशंका

**बांधाबाजार**। ग्राम में पानी सप्लाई के लिए पाईप लाईन विस्तार कार्य प्रस्तावित है। बांधाबाजार से आमाटोला की ओर पाईप लाईन विस्तार के लिए करीब छह माह पहले सड़क किनारे खुदाई किया गया था। खुदाई के बाद न तो पाईप बिछाया जा रहा है और न ही खुदाई वाले स्थानों को बंद किया जा रहा है। पीएचई और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है क्योंकि यह सड़क हमेशा वाहनों की आवाजाही होती है। इस मार्ग पर राइस मिल होने के कारण भारी वाहन भी आते जाते रहते है। पानी भरने से निकटवर्ती शाला के बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने शीघ्र पाईप कार्य कराकर गड्ढे को बंद कराने की मांग की है।

### किरण साहू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़**। भाजपा महिला मोर्चा ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू को बिलासपुर संभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया है। श्रीमती साहू की नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। श्रीमती साहू को यह जिम्मेदारी लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए सौंपी गई है। श्रीमती साहू ने अपनी राजनीतिक यात्रा सरपंच के रूप में शुरू किया था। वह भाजपा में सक्रिय के रूप से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत जुटी है।



### शोकाकुल परिजनों से मिली विधायक

**डोंगरगढ़**। ग्राम बाकलेड़ी निवासी शिवचरण ठाकुर के निधन की खबर मिलने पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उनके निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पंचराम चंदेल, मनोज कंवर, आनंदी, कुंजन, मनी कुंजाम, कंवल ठाकुर भादु कुंजन, प्रकाश, एम हरिचंद, प्रकाश, संतराम, मनोहर, देवानंद, अंजोर, रजवा आदि मौजूद थे।



### नवागांव में शाला समिति का गठन

**डोंगरगढ़**। प्राथमिक शाला नवागांव में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे थे। अध्यक्षता अश्वनी कुमार साहू ने की। मां शारदे के पूजा के बाद श्री कोड़ापे ने नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराया। इस दौरान शाला समिति का पुनर्गठन करते हुए अध्यक्ष कौशल देवांगन, उपाध्यक्ष अनूठा देवांगन, पंचायत प्रतिनिधि ताराचंद सिंह, विषय विशेषज्ञ अश्वनी साहू, शिक्षाविद देवलाल वर्मा, सदस्य नेहरू देवांगन मदनलाल सिंह, संतोष निषाद, मुनेश्वरी साहू, इंद्राणी सेन, लता साहू, उर्मिला गोंड़, साधना खोब्रगढे, मनु ठाकुर, सचिव मंजरी गजभिए को बनाया गया है। सरंक्षक सरपंच मदन राम देवांगन हैं। यह जानकारी शिक्षक कनक साहू ने दी।



## विधायक बोले - किसानों को मिले पर्याप्त खाद

# सड़क पर चूल्हा जलाकर बनाई चाय, किया नेशनल हाईवे जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खेती किसानी के सीजन में खाद बीज की किल्लत, दिनों दिन मंहगी होती बिजली सहित रसोई गैस के दाम में बढोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व और किसान नेता गुलाब वर्मा के मार्गदर्शन में तुमड़ीबोड़ में सोमवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने करीब आधे घंटे तक नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। वहीं महिला नेत्रियों ने सड़क पर चूल्हा जलाकर मंहगाई के खिलाफ विरोध जताया। बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसजनों, किसानों और महिलाओं ने भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किया।

चक्काजाम करने के पहले प्राथमिक शाला मैदान में सभा आयोजित की गई जिसमें सरकार की नाकामी को देखते हुए गद्दी छोड़ने की नसीहत दी गई। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि मंहगाई बढने से किसानी की लागत बढ़ गई है और किसान कर्ज में दबते जा रहे हैं। किसान व आम लोग के जीवन स्तर सुधरने के बजाए गिर रहा है। श्री साहू ने भाजपा सरकार से किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने तथा ढाई साल के कार्यकाल में 4 बार बढ़ाई गई बिजली बिल वृद्धि को वापस लेने की मांग की। उन्होंने किसानों से भाजपा सरकार को हटाने और किसान हितैषी सरकार को वापस लाने का आव्हान किया।



#### सरकार से सब त्रस्त

आंदोलन प्रभारी गुलाब वर्मा ने लोगों से अपने अधिकार के लिए आगे आकर आवाज बुलंद करने कहा।उन्होंने कहा कि आंदोलन में शामिल लोगों की संख्या में इस बात की गवाह है कि सरकार के कामकाज से सभी परेशान हैं।

#### कांग्रेसी दिखे एकजुट

आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, एलबी नगर अध्यक्ष नरेश उइके, पंचराम चंदेल, हेमसिंग साहू, भुवाल साहू, गोवर्धन वर्मा, संजय संचेती, सुयश नाहटा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच आदि शामिल हुए।

#### सौंपा ज्ञापन

आधा घंटा तक चक्काजाम के बाद एसडीएम को एएसपी एवं कृषि अधिकारी के समक्ष राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। खाद वितरण के लक्ष्य में असामनता का मुद्दा उठाते हुए इस बात पर आपति जताया गया कि सोसायटियों ने अधिक खाद व्यापारियों को मुहैया कराया जा रहा है। इसी प्रकार आरडीएसएस के तहत 2025- 26 में स्वीकृत 180 करोड़ के कार्य अब तक 50 फीसदी होने पर आपत्ति जताया गया।

# साफ पानी मुहैया कराने की कवायद

## बैठक में जरूरी मरम्मत कराने का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

बारिश के दिनों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए नगर पंचायत ने तैयारियां शुरू कर दी है। नगर पंचायत द्वारा टंकियों को साफ करने के साथ साथ लिकेज पाईप लाईन की मरम्मत करना प्रारंभ कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरूवार को जल विभाग एवं लोक निर्माण शाखा के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक लेकर वर्षाकाल में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए अभी से कार्य करने का निर्देश दिए। अध्यक्ष ने मटमैला एवं गंदा पानी मिलने की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए लिकेज पाईप लाईन को दुरूस्त करने कहा। पाईप लाइन तथा जल स्त्रोत के आसपास के गढढो को भरने के निर्देश दिया। बैठक में उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, निजाम साय पटेल, मो सोफू जिलानी, श्यामा यादव, सुरेन्द्र सिन्हा, विनोद कुमार, गोरेलाल पटेल, रामचंद, प्रकाश खिलाडी, मोंटू पटेल, परमेश्वर पटेल, विनोद धालेन्द्र, मुकेश्श कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

#### टंकियों की होगी सफाई

नगर पंचायत ने जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी टंकियों की सफाई कराने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष ने टंकियो का इसी माह सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई के एक दिन पूर्व पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की मुनादी कराने और टैंकरो से प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति करने कहा।

#### तीस साल बाद बदले वाल्व

नगर में पांच टंकियों से पानी की सप्लाई होती है जिनका वाल्व वर्षों से बदला नही गया था। कई टंकियो के वाल्व खराब हो गए थे और लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा था। जल विभाग की मांग पर हडडी गोदाम, बस स्टैंड एवं कान्हे नगर की टंकियो के वाल्व बदल दिए गए है।

#### पंप हाउस का होगा सुधार कार्य

नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापति पंप हाउस में वर्षों से मरम्मत कार्य नही हुआ है। बैठक में कर्मचारियों ने पंप हाउस संचालन में आ रही परेशानियों को रखा। कर्मचारियो ने बताया कि हडडी गोदाम, गोंदानाला, , राजीव गांधी चौक, मेरेगांव, मिनी उद्यान, परमेश्वरी नगर सहित अन्य पंप हाउस जीर्ण शीर्ण हो गए है। अध्यक्ष मानिकपुरी ने लोक निर्माण शाखा प्रभारी को पंप हाउस में आवश्यक मरम्मत कराने कहा।

### कुत्तों के हमले से चार माह में 15 गायों की मौत

**डोंगरगढ़**। कालेज रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला परिसर में आवारा कुत्तों के हमला करने से गौवंश संकट में हैं। पिछले चार माह में कुत्तों के हमला करने से 15 गायों की मौत हो चुकी है। हिंसक कुत्ते रात्रि को गौशाला में घुस कर गायों पर हमला करते हैं। कुछ गाय रेबीज के कारण के कारण दम तोड़ चुकी है। मृत गायों को खुले में छोड़ने से कुत्तों की हिंसक गतिविधि बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में नगर पालिका अधिकारी से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने बताया कि गौशाला और आसपास में भय का माहौल बन गया है।



### लोगों को जागरूक करने जुटी पुलिस

**खड़गांव**। क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत अब्दुल रियाज़ घर घर जाकर ठगी होने से बचने और सायबर अपराध से बचने के लिए आमजनों को जागरूक कर रहे है। गत दिनों उन्होंने सायबर अपराध के तरीके, बचने के उपाय आदि के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने प्रकाशित पोस्टर का वितरण किया। उन्होंने बताया कि ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन किया जा सकता है।

# संत कबीर के भाईचारा के संदेश को अपनाएं: किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम फाफामार में संत कबीर प्रकट उत्सव उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। कार्यक्रम में संत कबीर साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य हेमिन साहू, चुरामन साहू, शिशुपाल साहू, सकृतदास साहू, उत्तम साहू, नूतन साहू, मनसुख बाई, किसन बाई समेत अन्य उपस्थित थे।

इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से समाज को सत्य, प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया।

#### भजनों की मधुर प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान संतों ने भजन, कीर्तन, कबीर वाणी एवं धार्मिक प्रवचन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु, मातृशक्ति, युवा, जनप्रतिनिधि ने संत कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।



# शिक्षक डॉ. माघीलाल यादव हुए रिटायर, शाला परिवार ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक डॉ. माघी लाल यादव के सेवानिवृत्त होने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके संघर्षों, शैक्षणिक योगदान और साहित्यिक उपलब्धियों को याद करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताया। कार्यक्रम में डॉ. माघी लाल यादव के जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहते हुए डॉ. यादव ने न केवल डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की, बल्कि दर्जनों पुस्तकें लिखकर साहित्य की दुनिया में अलग पहचान बनाई है। डॉ. यादव की सुपुत्री और जांजगीर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तोषकी यादव ने अपने पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि वह श्रेष्ठ शिक्षक होने के साथ संवेदनशील और प्रेरक पिता हैं।

#### शिक्षकों ने किया सम्मान

इस अवसर पर अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने उन्हें उपहार भेंट किए। बच्चों ने उपहार देते हुए विदाई दी। अंत में डॉ. यादव भावुक मन से लंबे शैक्षणिक सफर को याद करते हुए शिक्षकों और बच्चों को संबोधित किया।

#### गौरवशाली धरोहर हैं डॉ. यादव

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि डॉ. यादव सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन उनकी लेखनी और शिक्षा के प्रति प्रेम कभी सेवानिवृत्त नहीं हो सकता। वह अपनी लेखनी से नगर को गौरवान्वित करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार रजक ने किया। शिक्षक कौशल सिंह राजपूत ने डॉ. यादव की उपलब्धियों और कार्यशैली को रेखांकित करते हुए अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस मौके पर मधु यादव, किंसुक यादव, दिलीप ओगरे, मनीष सोनी, सुमन पाटले, सावंत देवांगन, प्रकाश पटेल, लियाकत अली, तामेश्वर साहू, अशोक पटेल, प्रधान पाठक यांत्री पड़वार, सुनीता मरकाम, संतोष रजक, कमलेश नेताम, पुनेश्वर देवांगन, संतोष झारिया आदि मौजूद थे।

# दीक्षा दिवस पर स्कूल में मिष्ठान वितरण



**डोंगरगांव**। कलयुग में त्याग, कठोर तपस्या की ऐतिहासिक परंपरा का दिग्दर्शन कराने वाले समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर महाराज का दीक्षा दिवस मंगलवार को मनाया गया। आचार्य श्री ने मात्र 20 साल की आयु में 30 जून 1968 को सांसारिक जीवन को छोड़कर राजस्थान के अजमेर में दीक्षा अंगीकार किया था। अपने जीवन काल में लाखों किमी पदयात्रा कर उन्होंने लोगों को आत्मकल्याण की राह दिखाया। जन जन की आस्था के प्रतीक बन चुके आचार्य श्री 18 फरवरी 2024 की छत्तीसगढ़ के पहले जैन तीर्थ चंद्रगिरी में सल्लेखना के माध्यम से देह त्याग दिया था। दीक्षा दिवस के मौके पर जिला भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना मंगल जैन, राहुल जैन, मंजू जैन ने प्राथमिक शाला मटिया पहुंचकर बच्चों को लड्डू, केला का वितरित किया। इस दौरान मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष एलन साहू, नगर पंचायत के सभापति पुरुषोत्तम साहू, पार्षद मनबोधी पटेल, लोकेश्वरी, टोपेश्वरी साहू, प्रधानपाठक हेमलता शर्मा, शिक्षक राजेन्द्र माहला सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## पीएमश्री स्कूल में हुआ रंगारंग आयोजन

# प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पीएमश्री स्व. लाल मूरतसिंह खुशरो हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की थीं। तिलक लगाकर और स्माइली इमोजी, चॉकलेट भेंट कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों और शाला विकास समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य पवन ददरिया ने स्वागत भाषण में सभी का अभिनंदन करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला।





इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय राजपूत ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय और समिति की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह शिक्षण पद्धति को बच्चों के बौद्धिक विकास के अनुरूप रखें। भाजपा नेता जीवन दास रात्रे, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

#### होनहार बच्चों का सम्मान


हाल के दिनों में आयोजित समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पेंटिंग सामग्री वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। इस मौके पर सावंत देवांगन, विक्की कुर्रे, दिलीप ओगरे, अमित टंडन, लीलाधर साहू, दिनेश भट्ट, रोहन ताम्रकार, अनुराग ताम्रकार, अशोक देवांगन, युगल किशोर ताम्रकार, रोहित देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।




डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
डॉ. श्रीमती रेखा राजेश राधोंते
डोंगरगढ़



भदौरिया नर्सिंग होम
डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई...
Dr. Smt. Madhu Bhadauria
M.B.B.S., D.G.O. (AGRA)
(Regd. No. C.G.M.C.3863/2011)
मरीज देखने का समय
सहदेव नगर -
समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
शाम 6 बजे से 8 बजे तक
निवास एवं नर्सिंग होम
सहदेव नगर, जी.ई. रोड़,
राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 6266882984
निःसंतान दंपतियों की आधुनिक विधि से उपचार एवं सुविधा उपलब्ध है


डाक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हेल्थ केयर क्लिनीक
संचालक : डा. अश्वनी देवांगन
हमारे यहां उपलब्ध सुविधाएं
सम्पूर्ण दंत चिकित्सा
जनरल चिकित्सा सुविधा
नेत्र रोग चिकित्सा
पैथोलॉजी खून जांच
समय पर विशेषज्ञ डाक्टर्स उपलब्ध
नया बस स्टैण्ड के सामने, डोंगरगढ़
संपर्क करें : 8839370057



डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डॉ. नरेन्द्र गांधी
गांधी नर्सिंग होम
राजनांदगांव


HAPPY
Doctor's
day
सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता
का प्रतीक हैं आप...
आप सभी डॉक्टर साथियों को
HAPPY
Doctors' Day
की हार्दिक शुभकामनाएं!
डॉ. विजय ठाकुर
जनरल फिजिशियन
पता- बसंतपुर, वार्ड नं. 46,
राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 99079-55223
आपका स्वास्थ्य,
हमारी प्राथमिकता
सही सलाह
सही इलाज
स्वस्थ जीवन
आपका विश्वास • हमारी प्रेरणा • स्वास्थ्य ही जीवन है


डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
Dr Prashant Soni
Rural medical assistant
CHC Gandai



डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डॉ. पन्नालाल बाफना
डोंगरगढ़


समाज के सच्चे सेवक
डॉक्टर्स
डे
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
डॉ. अजय कुमार जंघेल
जनरल प्रेक्टिसनर, गंडई



राष्ट्रीय
चिकित्सक
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पारख नर्सिंग होम
गली नं. 1, लालबाग, राजनांदगांव मो.: 8871501001


डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई...
Happy
Doctor's
Day
एक शुभचिंतक
राजनांदगांव


डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डॉ.विवेक बिसेन
एमबीबीएस
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी व
प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी
खैरागढ़
डॉ.खुशबू बिसेन
बीएएमएस
खैरागढ़


HAPPY
Doctors'
Day
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉक्टर प्रीति वैष्णव
एमबीबीएस
चिकित्सा अधिकारी
सिविल अस्पताल खैरागढ़
डॉक्टर पंकज वैष्णव
एमबीबीएस
चिकित्सा अधिकारी
सिविल अस्पताल खैरागढ़


डॉक्टर्स डे
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डॉक्टर बोधन परते
एमबीबीएस डी आर्थो
सिविल अस्पलाल
खैरागढ़


चिकित्सक दिवस की
हार्दिक बधाई
HAPPY
Doctor's
day
डॉक्टर आशीष शर्मा
एमबीबीएस, एमडी (फिजिशियन), पीजीडीपीएचएम
मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी
खैरागढ़ छुईखदान गंडई

## सार समाचार

### गिट्टी का अवैध परिवहन, 3 वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की



टीम द्वारा अर्जुनी, रायतापायली, बीजेभांठा, डोंगरगांव, खुज्जी, कुमरदा, लक्ष्मणभरदा, किरगी, सुरगी, सिंघोला, तुमड़ीबोड़, इन्दामारा, सोमनी सहित अन्य क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर 3 वाहनों को जब्त किया गया। इसके तहत ग्राम करेली में कोटगुल महाराष्ट्र निवासी चंदन शेखावत के स्वामित्व के हाईवा एमएच 33 टी 5852 से बिजरावन मध्यप्रदेश निवासी वाहन चालक बहादुर सिंह एवं ग्राम खुर्सीपार में डोंगरगांव निवासी गोविन्द देवांगन के स्वामित्व के माजदा सीजी 08 एएन 8053 से बाजार नवागांव निवासी वाहन चालक उमेश यादव द्वारा चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम फरहद में दुर्ग निवासी अमर इन्फ्रा के स्वामित्व के हाईवा सीजी 07 एएक्स 9196 से अज्ञावबाजार निवासी वाहन चालक अभिषेक पाण्डे द्वारा चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना पुलिस लाइन राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

### मलपुरी में मनाया गया बलिदान दिवस

**राजनांदगांव।** ग्राम मलपुरी में 28 जून को ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की 462वां बलिदान दिवस मनाकर उनके बलिदान को याद



किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय ध्रुव गोंड़ महासभा धमधागढ़, अध्यक्षता संगीता सोरी अध्यक्ष महिला प्रभाग धमधागढ़, विशिष्ट अतिथि सुशीला नेताम महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंड़ समाज, राहुल नेताम युवा प्रभाग सचिव धमधागढ़, भागबलि ध्रुव खल्लारी महासभा अध्यक्ष, पुनाराम मंडावी प्रवक्ता खल्लारी महासभा, अध्यक्ष प्रहलाद उईके, उपाध्यक्ष टहलसिंह सोरी, सचिव इंद्रजीत नेताम, उपसचिव संजय सोरी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार शेवता, संरक्षक नारायण कोडप्पा एवं बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी राहुल नेताम युवा प्रभाग सचिव धमधागढ़ ने दी।

### गिधवा में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा द्वारा द्वितीय चरण का वृक्षारोपण संस्था के सलाहकार प्रेमनारायण साहू व संस्था की संरक्षक



भारती साहू के सुपुत्र किंशुक के जन्मदिन पर ग्राम गिधवा (घुमका) के मां कर्मा भवन और राव समाज के मुक्तिधाम परिसर में नीम, बरगद, गुलमोहर, बादाम और कदम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष बोधराय साहू, महाबीर साहू, मनहरण साहू, सालिक राम, गजानंद, माधो राव, संतोष राव, गौतमचंद साहू, विकास साहू, मयंक एवं अन्य ग्रामीण तथा संस्था के संस्थापक चंद्रभूषण साहू उपस्थित रहे। वहीं वृक्षारोपण का व्यापक कार्यक्रम कोरकोट्टी मानपुर में 12 जुलाई 2009 को शहीद वीर जवानों की याद में 12 जुलाई 2026 को किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें प्रतिभावान छात्रों तथा गांव के वृक्ष मित्रों का सम्मान किया जाएगा।

### साप्ताहिक अवकाश की मांग, सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पशुधन विकास विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी वर्षों से बिना किसी साप्ताहिक अवकाश के लगातार 365 दिन सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों की शारीरिक एवं मानसिक थकान तथा सेवा गुणवत्ता पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव को देखते अनुसूचित जाति-जनजाति पशुचिकित्सा अधिकारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से विभाग के मैदानी अमले को सप्ताह में एक दिन का अनिवार्य साप्ताहिक अवकाश देने की मांग की है। शासकीय अवकाश के दिनों में भी पशु चिकित्सालय सुबह 8 से 10 बजे तक 2 घंटे के लिए खोले जाएं। ज्ञापन सौंपते संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. रामचंद्र रामटेके ने कहा कि मैदानी स्तर पर हमारे अधिकारी-कर्मचारी बस्तर के घने जंगलों से लेकर सरगुजा की दुर्गम पहाड़ियों तक टीकाकरण, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान एवं आपातकालीन उपचार का कार्य करते हैं। वर्षभर बिना किसी साप्ताहिक अवकाश के लगातार कार्य करने से स्टाफ में अत्याधिक शारीरिक एवं मानसिक थकान व्याप्त है। इसका सीधा असर फील्ड में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांताध्यक्ष डॉ. रामचंद्र रामटेके, प्रांतीय सचिव डॉ. तरुण रामटेके सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**राजनांदगांव।** जमीन विवाद को लेकर परिवार के ही दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई, जिस पर कुछ लोगों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां दो लोगों को भर्ती किए जाने की सूचना है। प्राप्त जानकारी अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारपुर के आश्रित गाम बनबोड में एक ही परिवार में जमीन विवाद चल रहा है। बताया गया कि जमीन बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। यह विवाद मारपीट तक पहुंच गई। बताया गया कि मंगलवार को खेत में बुआई को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो मारपीट में बदल गया। घटना में लगभग दर्जनभर लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दो लोगों को उपचार हेतु भर्ती किया गया है। बताया गया कि जमीन संबंधी विवाद पर मोहारा पुलिस चौकी में पीड़ित पक्ष ने शिकायत भी की थी। इधर मारपीट के इस मामले की रिपोर्ट समाचार लिखे जाने तक नहीं कराई है।

### बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना लालबाग में दर्ज धारा 303(2), 336(3), 238, 3(5) बीएनएस के तहत बाइक चोरी के मामले में 1 फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में लालबाग पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी मिथुन वैष्णव 30 वर्ष, निवासी बजरंग चौक शंकरपुर ने अपने भाई सह-आरोपी लोकेश वैष्णव के साथ मिलकर प्रार्थी दिनेश कुमार कंवर के होंडा शाइन बाइक को ग्राम बनभेड़ी के पास से 5 अप्रैल को चोरी कर ले गये थे। प्रकरण की विवेचना के दौरान 31 मई को मामले में आरोपी लोकेश वैष्णव से चोरी का बाइक बरामद कर जब्त किया गया था तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। प्रकरण में फरार आरोपी मिथुन वैष्णव को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को विधिवत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया

# सरपंचो की शिकायत पर कलेक्टर सख्त, तीन समिति करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बस्तर के बाद मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में विभिन्न शिकायतों को लेकर लामबंद हुए जिले भर के 185 सरपंचों के शिकायत पर अंततः एक्शन लेते हुए जिलाधीश तुलिका प्रजापति ने जिला पंचायत तथा जिले के तीन जनपदों कि भूमिका को लेकर दो अपर कलेक्टर एक संयुक्त कलेक्टर के अगुवाई में 12 अधिकारियों की तीन जांच कमेटी का गठन कर जांच का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के समस्त 185 ग्राम पंचायत के सरपंच विभिन्न अपनी शिकायतों को लेकर जिला पंचायत कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विकास खंडों के सरपंचों के एकजुट होने और तमाम प्रशासनिक गतिविधियों का बहिष्कार तथा एक साथ सामूहिक इस्तीफा देने के पेशकश करने के बाद अंतत कलेक्टर तूलिका प्रजापति ने दो अपर कलेक्टर एक संयुक्त कलेक्टर के अगुवाई में 12 अधिकारियों कि टीम का गठन कर 13 बिंदुओं पर जिला पंचायत तथा तीनों जनपद पंचायत के कार्यप्रणाली पर जांच का निर्देश दिया है।

#### इन बिंदुओं पर हुआ जांच का निर्देश

जिलाधीश तूलिका प्रजापति ने विलंब फाइलों एवं प्रकरणों का परीक्षण तथा विलंब का कारण, स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं विकृत प्रगति का सत्यापन, ठेकेदारों वेंडरो की भुगतान की स्थिति एवं विलंब के कारण, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा का पालन कार्यों के मूल्यांकन एवं सत्यापन हेतु समय सीमा का निर्धारण कैलेंडर, कार्यों के मापन पुस्तिका एमबी अभिलेख एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण, डिजिटल हस्ताक्षर, ई ऑफिस एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति, वित्तीय नियमों शासन के निर्देशों अथवा विभागीय प्रक्रियाओं के समय बंद्द पालन की स्थिति, विभागीय बजट उपलब्धता उपरांत भुगतान लंबित किए जाने वाले प्रकरणों की स्थिति, निरीक्षण रजिस्टर एवं अनुपालन की सीमा समीक्षा, लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों का परीक्षण, विभागीय समन्वय एवं कार्य निष्पादन की समीक्षा, अधिकारियों कर्मचारियों की उत्तरदायित्व निर्धारण संबंधित तथ्य, सुधार आत्मक उपाय एवं आवश्यक अनुसंधानों सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश किया गया है।




#### दिए हैं जांच के आदेश



सरपंचो की शिकायत पर तीनों ब्लाको में जांच की टीम गठित कर दी गई है। जांच समिति को शीघ्र रिपोर्ट देने कहा गया है। - **तुलिका प्रजापति, कलेक्टर**

#### समिति में दर्जनभर अफसर

सरपंचों की शिकायत पर जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत कि भूमिका पर कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देश में पहला टीम अपर कलेक्टर जीआर मरकाम के नेतृत्व में डीआर ध्रुव डिप्टी कलेक्टर, रितु खरे कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कंचन भूआर्य जिला कोषालय अधिकारी, दूसरी टीम अपर कलेक्टर मिथिलेश डोडे के अगुवाई में भूपेंद्र बावनथड़े कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, चंद्रशेखर मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, संदीप धरेंद्र उपकोषालय अधिकारी, तीसरी टीम संयुक्त कलेक्टर अमित नाथ योगी के नेतृत्व में महेश साहू कार्यपालन अभियंता, शुभांगी गुप्ता डिप्टी कलेक्टर, भुवनेश्वर प्रसाद धीवर सहायक कोषालय अधिकारी मोहला को जांच का जिम्मा सौपा है।

## सीएम हेल्पलाइन में मिले शिकायतों का करें शीघ्र निराकरण: यादव

# शासन की योजनाओं की जानकारी देने गांवों में लगेगी अब कृषि चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त आवेदनों, जन शिकायतों, शासकीय योजनाओं तथा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076 में विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें।

#### योजना की समीक्षा

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। जिले में अब तक 3 हजार 620 हितग्राहियों द्वारा सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं।



#### स्कूलों में लगेगी वैक्सीन

कलेक्टर ने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग का कार्य अनिवार्य रूप से किया जाए और इस कार्य को तेज गति से करने के निर्देश दिए। उनकी सोनोग्राफी, स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाईयों पर विशेष ध्यान देते कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं से प्रतिदिन उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी मोबाइल के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी ली। जिले में 3 हजार 800 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा चुका है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को स्कूलों का रोस्टर बनाकर एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### पंजीयन करें पूरा

कलेक्टर ने खरीफ सीजन में खाद-बीज वितरण एवं भण्डारण और खेती-किसानी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि शासन ने खरीफ 2026 से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने किसानों को धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। जिससे किसानों को कम लागत में अधिक आमदनी मिल सके। उन्होंने सभी ग्रामों में कृषि चौपाल का आयोजन कर अधिक से अधिक किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। जिले के 1 लाख 44 हजार 572 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण हो चुका है। शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## स्कूटी की डिक्की से चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूटी की डिक्की से नगदी रकम चोरी करने के मामल में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

प्रार्थिया निवासी ग्राम दर्राबांधा तेंदूनाला ने 2 जून को जिला सहकारी बैंक तुमडीबोड़ से नगद राशि निकालकर अपनी स्कूटी की डिक्की में रखकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में वह छत्तीसगढ़ होटल तुमडीबोड़ में नाश्ता करने के लिए रूकी। इसी दौरान आरोपियों ने बड़ी ही सफाई एवं योजनाबद्ध तरीके से स्कूटी की डिक्की में रखे नगदी रकम 44,000 रुपए को चोरी कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर पतासाजी की गई। तत्पश्चात आरोपी को मुलतई मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

#### एक आरोपी फरार

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथी जतीन ग्वाला के साथ मिलकर चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया। प्रकरण का अन्य आरोपी नितिन ग्वाला फरार है। जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही है। आरोपी विजय सिंह 42 वर्ष साकिन कंड्रजा कांशापारा विजयनगर जिला रायगढ को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर

# पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी, मुस्लिम समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुस्लिम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद और बीबी आयशा रज़ी अल्लाह तला अन्हू और धार्मिक ग्रंथ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं भाजपा नेत्री नाजिया इलाही खान की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज की महिलाओं में आक्रोश है। मुस्लिम समाज की महिला संगठनों द्वारा नाजिया पर कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौपा जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव मुस्लिम समाज नूरानी कमेटी की महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने मांग की है।

नाजिया इलाही खान के खिलाफ नारेबाजी करते मुस्लिम समाज की महिलाएं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची और यहां उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। समाज की महिलाओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की भाजपा नेत्री नाजिया इलाही खान ने पैगंबर साहब और पवित्र कुरान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।



#### टिप्पणियां बर्दाश्त करने योग्य नहीं

नूरानी कमेटी की अध्यक्ष साबीहा गाजी और डॉ. रूबीना अल्वी ने कहा कि नाजिया को मजहब की जानकारी नहीं है, उसने कुरान नहीं पढ़ा है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म के आराध्य और धार्मिक ग्रंथों के खिलाफ इस तरह की टिप्पणियां बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करने का साहस न करें। ज्ञापन सौंपने पहुंची मुस्लिम समाज की महिलाओं ने कहा कि विगत कई दिनों से नाजिया इलाही खान द्वारा मुस्लिमों और धर्म ग्रंथ को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है। हाल ही में उसके द्वारा पैगंबर मोहम्मद और बीबी आयशा के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

# महिमा का इसरो के मिशन शक्ति सैट के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईबी ग्रुप की सुनहरा कल पहल एक बार फिर प्रतिभाओं को नई उड़ान देने में सफल रही है। आईबी ग्रुप राजनांदगांव के कर्मचारी कीर्ति सिंह की पुत्री महिमा राजपूत का चयन प्रतिष्ठित मिशन शक्ति सैट के लिए हुआ है। भारत से चयनित 20 प्रतिभागियों में महिमा शामिल हैं। जबकि वे छत्तीसगढ़ की एकमात्र चयनित छात्रा है।



मिशन शक्ति सैट एक वैश्विक, पूर्णतः महिला-नेतृत्व वाला अंतरिक्ष मिशन है। जिसमें विश्वभर से 108 छात्राओं का चयन किया गया है। अगस्त में नई दिल्ली में आयोजित आठ दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागी छात्राएं मिलकर मिशन शक्ति सैट उपग्रह का निर्माण करेंगी। इनमें से एक उपग्रह को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। जबकि दूसरे को चंद्रमा की सतह पर उतारने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा। इनका प्रक्षेपण अक्टूबर में इसरो के श्री हरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से किया जाएगा।

#### आईबी ग्रुप की दूरदर्शी पहल का प्रेरक उदाहरण

आईबी ग्रुप ने महिमा राजपूत की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। संस्था ने बताया कि सुनहरा कल पहल के तहत कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति, शैक्षणिक सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। महिमा की सफलता इसी दूरदर्शी पहल का प्रेरक उदाहरण है।आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली का कहना है कि कर्मचारियों के परिवारों के विकास में निवेश ही भविष्य के भारत के निर्माण की मजबूत नींव है। महिमा राजपूत की उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि आईबी ग्रुप, राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

# शराबियों से परेशान विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंकापार की शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बाउंड्रीवॉल नहीं होने की वजह से स्कूल परिसर में शाम होते ही असामाजिक तत्वों का डेरा लग जाता है। यहां समीप में ही शराब दुकान होने की वजह से शराब पीने के बाद शराबी स्कूल परिसर में ही गंदगी करते हैं और शराब की खाली बोतल भी परिसर में फेंक देते हैं। वही कांच के टुकड़े भी बिखरे रहते हैं। जिससे यहां अध्यनरत विद्यार्थियों और शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच मोहन कंवर ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर स्कूल परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत आहता निर्माण करने मांग की है।

#### कई बार कर चुके फरियाद

पिंकापार के सरपंच ने कहा कि 20-25 वर्षों से एक ही परिसर में मिडिल और प्राइमरी स्कूल संचालित हो रही है। कई बार स्कूल में बाउंड्री निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों को आवेदन किया जा चुका है, लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं होने के चलते बच्चे खेलते-खेलते सड़क तक पहुंच जाते हैं। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं उन्होंने कहा कि स्कूल से एक किलोमीटर पर ही शराब दुकान संचालित है, जहां से गुजरने वाले शराबी स्कूली बच्चों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। वहीं शाम होते ही स्कूल के बरामदे में शराबियों का जमघट लग जाता है। जिससे काफी समस्या हो रही है ।

#### स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी

स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल बनाने की मांग लेकर सरपंच के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल परिसर में लगे नलों को तोड़ दिया जाता है और शौचालय में भी तोड़फोड़ किया जाता है। उन्होंने मांग करते कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते स्कूल में तालाबंदी की जाएगी।

## डॉ. रमन की पहल, सिटी डिवीजन की होगी स्थापना

# विद्युत सब स्टेशनों को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और निर्बाध बनाने एक बड़ी पहल की है। रायपुर के शंकर नगर स्थित स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह के साथ ऊर्जा विभाग/विद्युत मंडल के विधायक व सांसद प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी की एक कार्य-लक्षित बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजनांदगांव की वर्तमान विद्युत व्यवस्था को सुधारने और अगले 25 वर्षों के भविष्य को ध्यान में रखकर बुनियादी ढांचे के उन्नयन व विकास पर बिंदुवार गहन चर्चा की गई। डॉ. सिंह ने जनहित से जुड़े इन प्रस्तावों पर राज्य शासन के उच्च अधिकारियों को योजनाबद्ध और त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। खैरागढ़ रोड से लगे शहर के पश्चिमी क्षेत्र को बेहतर वोल्टेज और निर्बाध बिजली देने ठेलकडीह से बजरंगपुर नवागांव होते हुए एक नई अंडरग्राउंड केबल बिछाई



#### मिलेगा सिटी डिवीजन का दर्जा

शहर के लिए अलग से सिटी डिवीजन बनाने की शासकीय प्रक्रिया शुरू होगी। नया डिवीजन बनने से राजनांदगांव को अधिकारियों और साधन-संपन्न कर्मचारियों का एक पूरा नया सेटअप मिलेगा। वर्तमान अमले की तुलना में संख्या बल दोगुना हो जाने से शहरी क्षेत्र का रखरखाव बेहद सुगम हो जाएगा। शहर के दक्षिणी हिस्से बसंतपुर रोड, नंदई चौक और उससे आगे के क्षेत्रों की सुगमता के लिए एक नए दक्षिण जोन की प्रस्तावना को गति दी

#### मोहारा सब-स्टेशन को जल्द मिलेगी मंजूरी

पूर्व में प्रस्तावित मोहारा 33/11 केवी सब-स्टेशन के काम को प्रस्तावना स्तर से निकालकर धरातल पर लाने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस सब-स्टेशन के स्थापित होने से राजनांदगांव जिला विद्युत वितरण के मामले में अगले 25-30 वर्षों के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर और निर्बाध हो जाएगा। वर्धमान नगर के पीछे स्थित 18 एकड़ सरकारी जमीन पर एक और नए 33/11 केवी सब-स्टेशन के निर्माण के लिए शासन स्तर पर गंभीर प्रयास शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे शहर का दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र सीधे लाभान्वित होगा।



## पीडब्ल्यूडी के 6.50 करोड़ रुपए से अधिक सड़क निर्माण योजना पर चर्चा तेज

# बढ़ रहे अवैध प्लाटिंग के मामले भूमाफियाओं पर मेहरबानी क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में अवैध प्लाटिंग का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं और कृषि भूमि पर नियमों को दरकिनार कर अवैध कॉलोनियां विकसित किया जा रहा है। इसी मामले को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव आकाश केशरवानी ने जिलाधीश कबीरधाम के नाम शिकायत सौंपते हुए कवर्धा शहर में संचालित अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि कैलाश नगर से जेवड़न कला जाने वाले मार्ग तथा सरस्वती शिशु मंदिर भागुटोला के पीछे स्थित क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक हल्का राजानवागांव, ग्राम जेवड़न कला की कृषि भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। शिकायत के अनुसार खसरा क्रमांक 63/6, 63/10, 63/13, 63/14, 63/11, 62/1, 62/5 एवं 61/3 की भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति के प्लॉट काटे गए हैं।

सड़क निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही मौके पर मुरुम डालने और प्रारंभिक कार्य शुरू करने की गतिविधियां देखी गई हैं। बताया जा रहा है कि इस सड़क निर्माण कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून 2026 निर्धारित थी, लेकिन उससे पहले ही स्थल पर कार्य प्रारंभ होने भू माफियों को लाभ पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त भूमि पर मुरूम एवं गिट्टी डालकर अवैध रूप से मार्ग का निर्माण भी किया गया है, जो भू-राजस्व संहिता एवं नगर तथा ग्राम निवेश (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) के नियमों का खुला उल्लंघन है। वही प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया गया है।

### अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में करोड़ों की सड़क परियोजना, प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग घेरे में



कबीरधाम जिले में जिस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, उसी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य के लिए जारी की गई निविदाओं को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार कवर्धा-लोहारा मुख्य मार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर, सुधाविहार भागुटोला से जेवड़न तक लगभग 600 मीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए निविदा जारी की गई थी। इस कार्य की स्वीकृत लागत लगभग 1.33 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जिसे 14 प्रतिशत कम दर पर लगभग 1.15 करोड़ रुपए में निष्पादित किया जाना है। वहीं स्वपन पेट्रोल पंप कैलाश नगर से जेवड़न तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लंबाई 3.40 किलोमीटर दर्शायी गई है जबकि निर्माण के लिए निकाले गए निविदा की वास्तविक लंबाई लगभग 2.60 किलोमीटर है, पुल-पुलिया सहित 5 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत स्वीकृत की गई है।

### कॉलोनाइजर एक्ट का घोर उल्लघन

नियमों के अनुसार कॉलोनाइजर से अभिप्राय ऐसे व्यक्ति, संस्था, सहकारी समिति, पंजीकृत फर्म, सोसायटी अथवा अन्य पंजीकृत निकाय से है, जो किसी कृषि भूमि या अन्य भूमि को भूखंडों में विभाजित कर कॉलोनी विकसित करने एवं स्थापित करने का कार्य करता है या करने का आशय रखता है। नियमों के तहत कॉलोनी विकास के लिए कालोनाइजर की जिम्मेदारी होती है कि वह आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास सुनिश्चित करे, जिनमें प्रमुख रूप से सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, नाली निर्माण, आंतरिक जल आपूर्ति व्यवस्था, ओवरहेड टंकी निर्माण, खुले क्षेत्रों का विकास, सड़क किनारे वृक्षारोपण, विद्युत व्यवस्था तथा आवासीय कॉलोनियों में समाज के कमजोर वर्गों के लिए भूखंड अथवा भवन उपलब्ध कराना शामिल है। इन नियमों का उल्लंघन कर बिना अनुमति या निर्धारित शर्तों का पालन किए बिना कॉलोनी विकसित करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर 3 वर्ष से 7 वर्ष तक के कारावास तथा अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# चोरों ने किराना दुकान व लोक सेवा केंद्र से किया नकदी व सामान पार

- पोलमी बाजार में बेखौफ चोरों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर



कुकदूर थाना क्षेत्रांतर्गत पोलमी बाजार में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि देर रात एक किराना एवं लोक सेवा केंद्र को निशाना बनाते हुए दुकान के दोनों ताले तोड़ दिए गए। पीड़ित दुकानदार स्वागत रामशिव की शिकायत के अनुसार चोर दुकान से लगभग 50 हजार से 1 लाख रुपए नकद, मॉनिटर, मोबाइल से जुड़ी सामग्री तथा अन्य सामान लेकर फरार हो गया।

शिकायत में दावा किया गया है कि पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति दुकान में प्रवेश करता दिखाई देता है। आरोप है कि अंदर घुसने के बाद उसने सीसीटीवी कैमरा बंद कर दिया, जिससे आगे की गतिविधियां रिकॉर्ड नहीं हो सकीं।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि चोर ने पास की एक अन्य दुकान का ताला भी तोड़ा, लेकिन वहां चोरी करने में सफल नहीं हो पाया। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से शीघ्र एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। अब देखना होगा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कितनी जल्दी मामले का खुलासा कर पाती है।

## सतरंगा ध्वजारोहण के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ



कुण्डा। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित सहकारिता सप्ताह की शुरुआत सोमवार को सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक-212 पेंड्री कला में सतरंगा ध्वजारोहण के साथ हुई। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने सहकारी सतरंगा ध्वज फहराकर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से सहकारी गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समिति की उपलब्धियों का भी वाचन किया गया। समिति प्रबंधक गुलशन दीवान ने बताया कि सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार सहकारिता सप्ताह के दौरान सात दिनों की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत सहकारिता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, दूजराम निर्मलकर, प्रदीप चंद्राकर, सुखदेव चंद्रवंशी, अमर सिंह चंद्राकर, बबलू चंद्राकर, अभिषेक वर्मा, कैलाश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं समिति के सदस्य उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### आरुही श्रीवास ने राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**कवर्धा।** जिले की बेटी आरुही श्रीवास ने 14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 से 29 जून तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित की गई थी। आरुही ने जूनियर वर्ग (10 से 14 वर्ष) के रेगु इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में उत्तराखंड की खिलाड़ी को पराजित किया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आरुही, अश्वनी कुमार श्रीवास एवं संतोषी श्रीवास की सुपुत्री हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे कवर्धा जिले में हर्ष का माहौल है। इस सफलता का श्रेय आरुही की कड़ी मेहनत और उनके प्रशिक्षक आकाश सिंह एवं मनीष निषाद के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दोनों कोचों के निरंतर प्रशिक्षण और प्रेरणा से आरुही ने राष्ट्रीय स्तर पर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। आरुही की इस सफलता पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### जगन्नाथ पटेल को मिली एकमुश्त राशि

**कवर्धा।** मेहनत से खेती करने वाले किसान के लिए उसकी फसल ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। जब उसी मेहनत का उचित मूल्य और अतिरिक्त आर्थिक सहयोग समय पर मिले, तो परिवार के कई सपने साकार हो जाते हैं। ऐसी ही कहानी है कबीरधाम जिले के ग्राम भागुटोला निवासी जगन्नाथ पटेल की, जिनके परिवार की एक बड़ी इच्छा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की कृषक उन्नति योजना से पूरी हुई। करीब पांच एकड़ कृषि भूमि पर धान सहित अन्य फसलों की खेती करने वाले जगन्नाथ पटेल ने इस वर्ष 82.49 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। धान विक्रय के बाद उन्हें कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि लगभग 57 हजार रुपए एकमुश्त प्राप्त हुई।

# शत्रुहन बने समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ की महत्वपूर्ण बैठक में शत्रुहन वर्मा को सर्वसम्मति से पुनः प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके पुनर्निर्वाचन पर प्रदेशभर के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन किसानों की समस्याओं के समाधान, कृषि विकास, प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विस्तार तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगा। श्री वर्मा की कार्यशैली, संगठन क्षमता, संघर्षशील नेतृत्व एवं किसानों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें दोबारा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। किसानों का कहना है कि उनके अनुभव और नेतृत्व से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा किसान हितों की आवाज बुलंद होगी। इस अवसर पर पतंजलि परिवार के वरिष्ठ योग शिक्षक रामावतार आर्य, मनोहर साहू,दुर्योधन पाली, संतोष साहू एवं अर्जुन पाली ने शशत्रुहन वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका पुनर्निर्वाचन किसानों के विश्वास और संगठन की एकजुटता का प्रतीक है, साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में किसान कल्याण, आत्मनिर्भर कृषि, गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य होंगे। पतंजलि परिवार एवं योग साधकों ने शत्रुहन वर्मा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना करते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं गई।



# विधायक भावना बोहरा ने किया आश्वस्त, गन्ना किसानों को बकाया राशि का जल्द होगा पूर्ण भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में गन्ना बेचने वाले किसानों को बकाया राशि के भुगतान को लेकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने आश्वस्त करने हुए कहा है कि किसानों के बकाया राशि का पूर्ण भुगतान जल्द ही उनके खतों में हस्तांतरित की जाएगी। गन्ना भुगतान को लेकर किसानों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस वर्ष किसानों को पहले की अपेक्षा अधिक शीघ्र भुगतान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार, सहकारिता विभाग और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संवाद एवं समन्वय जारी है, ताकि किसानों को उनके परिश्रम का उचित प्रतिफल समय पर मिल सके। उन्होंने बताया कि किसानों से खरीदे गए गन्ने का कुल भुगतान रिकवरी सहित जुलाई से अगस्त माह तक पूर्ण रूप से कर दिया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर यह प्रस्ताव रखा गया है कि शुगर मिल में उपलब्ध चीनी स्टॉक के मूल्य के बराबर अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाए, जिससे किसानों का भुगतान तत्काल किया जा सके।

इससे भुगतान प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी जिससे किसानों को भी राहत मिलेगी। विधायक भावना ने बताया कि शक्कर कारखाने की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए पिछले ढाई वर्षों में व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में स्थापना व्यय 15.06 करोड़ से घटाकर 9.65 करोड़ किया गया है, जबकि अनुरक्षण एवं मरम्मत व्यय 10.97 करोड़ से घटाकर 4.13 करोड़ तक लाया गया है। इससे कारखाने के संचालन में उल्लेखनीय वित्तीय अनुशासन स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि विगत कारखाने में आवश्यकता के अनुरूप कर्मचारियों की संख्या भी सिमित की गई है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मदों में व्यय पर प्रभावी नियंत्रण के माध्यम से पिछले दो वर्षों में लगभग 16 करोड़ की अतिरिक्त बचत भी की गई है।

### किसानों को एक-एक रुपए समय पर मिले, राज्य सरकार की प्राथमिकता

भावना बोहरा ने कहा कि गन्ना किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। किसानों के पसीने की कमाई का एक-एक रुपए उन्हें समय पर मिले, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से लगातार गन्ना किसानों के भुगतान की प्रक्रिया तेज हुई हैं वहीं कारखाने के रखरखाव में भी व्यापक सुधार से किसानों को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शक्कर कारखाने की आय बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया गया है। मोलासिस की बिक्री भी अनुकूल बाजार मूल्य पर कर कारखाने की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि इसका सीधा लाभ किसानों को मिल सके।

# घरों व मवेशी शेड में घुसा बारिश का पानी, बढ़ी परेशानी

- सीसी सड़क व नाली निर्माण की ग्रामीणों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से करीब 11 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के वार्ड क्रमांक 06 में दोपहर की बारिश के बाद जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। गलियों में पानी भरने से कई घरों और मवेशी बांधने के स्थानों तक बारिश का पानी पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण विनोद गंधर्व ने बताया कि वार्ड में सीसी सड़क और पक्की नाली निर्माण नहीं होने से गलियों की स्थिति लंबे समय से खराब बनी हुई है। बारिश होते ही गलियां नदी-नाले का रूप ले लेती हैं, जिससे जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार बारिश के बाद कई घरों और मवेशी शेड में पानी घुस गया, जिससे लोगों के साथ-साथ पशुओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

जिस पर ग्रामीणों ने प्रशासन और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से वार्ड क्रमांक 06 में शीघ्र सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य कराया जाता है तो जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सकेगी और लोगों को बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी।



घरों का गंदा पानी पूरे समय गलियों में बहता रहता

# शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच लीलाराम साहू द्वारा मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर नवप्रवेशी एवं अन्य छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर नए सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं दी गईं। सरपंच लीलाराम साहू ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करते हुए अगली कक्षा में प्रवेश पर बधाई दी।

कार्यक्रम में उपसरपंच, ग्राम पंचायत सचिव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मंतराम साहू, कुंडा मंडल महामंत्री फिरतूराम साहू, सत्खोजन सोनवानी, प्रीतम साहू, बलदाऊ साहू सहित ग्रामवासी एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थें।



# पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरित कर शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द स्थित शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला में सोमवार को शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, सरपंच अमित चंद्रवंशी, सचिव श्रीमती रातरानी सिंहा तथा प्राचार्य दुर्योधन प्रसाद चंद्रवंशी ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई तत्पश्चात कक्षा छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य दुर्योधन प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और सफलता की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का अपील करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं रोचक शिक्षा देने का भरोसा दिलाया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल ने विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक मंच, शौचालय निर्माण तथा पूर्व माध्यमिक एवं हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाओं से शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति होगी। इस दौरान शाला विकास एवं शिक्षा समिति के पदाधिकारी, अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



## हादसा: अधूरे पुल और सुरक्षा इंतजामों की कमी बनी जानलेवा

# अनियंत्रित होकर हॉफ नदी में गिरी तेज रफ्तार कार, पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को कुछ ही घंटों के अंतराल में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो बड़े सड़क हादसे हुए।

पहले कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोलमी के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। इसके कुछ ही घंटे बाद पांडातराई थाना क्षेत्र में जबलपुर से कोरबा जा रही एक कार अनियंत्रित होकर हाफ नदी में जा गिरी और पलट गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना स्थल पर अंधा मोड़ होने, रात का अंधेरा, बारिश और पर्याप्त चेतावनी संकेतों के अभाव के कारण बाहर से आने वाले वाहन चालकों को सड़क की सही दिशा का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जा गिरा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मूसलाधार बारिश तथा अंधेरे के बीच कड़ी मशक्कत कर दोनों घायलों का सफल रेस्क्यू किया।



### दो माह पहले ही पांच युवकों की गई थी जान

पांडातराई थाना क्षेत्र स्थित हाफ नदी का यह स्थान लंबे समय से दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। लगभग दो माह पहले भी एक कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई थी, जिसमें सवार पांच युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। सोमवार को फिर उसी स्थान पर कार के नदी में गिरने की घटना ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है।

### ग्रामीण बोले- अधूरा निर्माण और लापरवाही ले रही लोगों की जान

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पांडातराई-पोंड़ी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल और सड़क का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। दुर्घटना स्थल पर न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग है, न चेतावनी बोर्ड, न ही रात के समय प्रकाश व्यवस्था की कोई व्यवस्था है। बारिश और अंधेरे में बाहर से आने वाले वाहन चालकों को सड़क की सही दिशा का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# हनुमान मंदिर से करीब 30 तोला चांदी का मुकुट गायब



■ शिकायत के बाद मौका मुआयना कर चोरों की तलाश में जुटी कवर्धा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को अज्ञात चोरों ने नगर के वार्ड क्रमांक 27 स्थित नवीन बाजार पीपल चौक के पास हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने दबिस देकर मंदिर में स्थापित भगवान हनुमान की प्रतिमा पर चढ़ा चांदी का मुकुट पार कर लिया।

चोरी की इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मोहल्लेवासी मौके पर एकत्र हो गए। बताया जाता है कि सोमवार की देरशाम करीब 7.00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में रखे भगवान हनुमान के 25 से 35 तोला वजनी चांदी के मुकुट पर हाथ साफ कर दिया। मुकुट की चोरी का पता तब चला जब मंदिर के पास रहने वाले एक स्थानीय व्यक्ति मंदिर पहुंचे। उन्होंने मुकुट गायब देखा तो तत्काल आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी।

देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर परिसर में जुट गए। घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल में इस प्रकार की चोरी से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

घटना की सूचना तत्काल कवर्धा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

### पुलिस ने दिया आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा

लोगों की शिकायत के आधार पर घटना स्थल पहुंची कवर्धा कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर जांच एवं खोजबीन जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल

**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, आदिवासी बालक आश्रम में संयुक्त रूप से शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती के तैल चित्र में माल्यार्पण, पूजन कर कक्षा पहली में 7 माध्यमिक में 27 हाई स्कूल में 28 बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। एवं सभी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर माला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर विद्यालय में प्रवेश किया गया। विद्यालय में सभी बच्चों को खीर, पुड़ी एवं भोजन खिलाया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास खंड अधिकारी एस. एस. राजपूत एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर. लाल. पाटिल ने नव प्रवेशित बच्चों को नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। जनपद सदस्य श्री मति सरला मसराम, सरपंच सुधारी मसराम कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सोहन यादव आदि उपस्थित थे।

### स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं एवं इच्छुक हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत बैंक माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत विभिन्न स्वरोजगार एवं लघु उद्योग स्थापित करने के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाता है तथा जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा पात्र हितग्राहियों को अनुदान प्रदान किया जाता है।

# 4 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन शुरू शक्कर कारखाने के सामने अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान समेत चार सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का आक्रोश अब आंदोलन में बदल गया है। भारतीय किसान संघ और समृद्ध किसान संघ के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार से बड़ी संख्या में किसान कवर्धा-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

किसानों ने तंबू लगाकर आंदोलन शुरू कर दिया है और स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। धरना स्थल पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किसान ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे।

ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन की घोषणा के मद्देनजर प्रशासन ने एहतियातन मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। किसानों का कहना है कि सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पर गन्ना किसानों का 30 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबे समय से बकाया है, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने योजना के तहत गन्ना किसानों को 15 हजार रुपये प्रति क्विंटल या निर्धारित योजना अनुसार प्रोत्साहन राशि का लाभ देने की मांग भी उठाई है। आंदोलनकारी किसानों ने जिले में खाद और यूरिया की गंभीर कमी पर भी चिंता जताते हुए कहा कि खरीफ सीजन के दौरान पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने से बुआई प्रभावित हो रही है।

उन्होंने सभी किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उन्नत बीज उपलब्ध कराने की भी मांग की है।



### मांगों की अनदेखी करने आंदोलन को व्यापक करने की चेतावनी

किसान नेताओं ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगों की अनदेखी होने पर इसे और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल कर किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, ताकि खेती-किसानी का कार्य प्रभावित न हो। अब देखने वाली बात होगी कि शासन-प्रशासन किसानो की मांगों की कितनी गंभीरता से लेता है।

## बादल बरसे झूम के...



कवर्धा। जिले के वनांचल ईलाकों में झमाझम बारिश, खेतों में भरा पानी।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथा छात्र-छात्राएं वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अवसर एवं प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करना है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# जिले में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



■ शासन-प्रशासन के समक्ष रखी गई कई मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला कबीरधाम द्वारा जिले की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जिलाधीश के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में परिषद ने सबसे पहले पंडरिया विकासखंड के शासकीय विद्यालय तेलियापानी लेदरा में पदस्थ शिक्षक द्वारा कथित रूप से विद्यालय परिसर में शराब सेवन किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही जिले के एक मदरसे में 11 वर्षीय बालक द्वारा कथित रूप से फांसी लगाने के प्रयास की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय जांच कराने तथा जिले के सभी मदरसों की सुरक्षा व्यवस्था, संचालन एवं नियमों के पालन की व्यापक जांच कराने की मांग की गई।

जिला संयोजक मानस मिश्रा ने बताया कि परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से निजी विद्यालयों द्वारा निर्धारित दुकानों से पुस्तकें, कॉपियां एवं ड्रेस खरीदने के लिए बनाए जा रहे दबाव पर रोक लगाने, सभी निजी विद्यालयों में पालक समिति का गठन अनिवार्य करने, विद्यालयों में शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को ड्रग-फ्री जोन घोषित कर नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने, छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास नियमित महिला पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा जिले के जर्जर विद्यालय भवनों का सर्वे कर आवश्यक मरम्मत एवं नए भवनों के निर्माण की मांग भी की है।

प्रांत कार्यसमिति सदस्य गजाधर वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता एवं शैक्षणिक वातावरण से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा पांच दिवस के भीतर मांगों पर प्रभावी कार्रवाई प्रारंभ नहीं की जाती है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में लोकतांत्रिक एवं चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक मानस मिश्रा, प्रांत कार्यसमिति सदस्य गजाधर वर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ईश्वर वर्मा, पोखराज साहू, गजेंद्र सिंह राजपूत, अमित झारिया, उत्कर्ष तिवारी, प्रशांत वर्मा, किशन कौशिक, अनिल यादव, अक्षत गुप्ता, प्रिंस नाथ योगी सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## थाना में रपट दर्ज नहीं करने पर पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई गुहार

# दबंगों ने घर में घुसकर ग्रामीण के परिजनों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सिंघनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुरूवा निवासी ग्रामीण परिवार ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट करने तथा गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है।

बताया जाता है कि इस घटना के बाद पीड़ित परिवार आरोपियों की रपट दर्ज कराने सिंघनपुरी जंगल थाना भी पहुंचा था लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी रपट नहीं लिखी गई न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई। जिसके बाद मंगलवार को पीड़ित परिवार ने कवर्धा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रार्थी दशरथ साहू पिता रामअवतार साहू ग्राम कुरूवा थाना सिंधनपुरी जंगल ने बताया कि आरोपी राजू साहू, छन्नू साहू, सुरेखा साहू, तारणी साहू एवं दादू साहू का खेत लगा हुआ है।

जिसमें झटका तार लगा हुआ है। जिसे 29 जून को आरोपियों ने उखाड़ कर फेंक दिया। दशरथ ने बताया कि मना करने पर आरोपिरयों ने घर में घुसकर उसके पिता व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लाठी डंडा, कुदाली एवं फावड़ा से मारपीट की। जिसमें परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटे आई है। दशरथ ने बताया कि इस घटना के बाद वह आरोपियों की रपट दर्ज कराने सिंघनपुरी जंगल थाना पहुंचा लेकिन आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज नहीं की गई। अब उसने बकायदा लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक देकर कार्यवाही की मांग की है।

### दबंगो की दबंगई कैमरे में कैद, पीड़ित ने की कार्यवाही की मांग




पीड़ित ग्रामीण दशरथ ने बताया कि आरोपियों की मारपीट से उसके परिजनो के हाथ, पैर जाघ, नाक, कान को चोट आई है। वहीं आरोपियों ने उनके परिवार की महिलाओं के ऊपर गलत नियत रखते हुए मारपीट की। बताया जाता है कि आरोपियों की पूरी दबंगई सीसीटीबी कैमरे में कैद हो चुकी है जिसे पुलिस प्रशासन को सौंपते हुए अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही व न्याय की मांग की है।

# स.लोहारा में शाला प्रवेशोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहसपुर लोहारा में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिष्ठान वितरण कर एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा ने कहा कि, शिक्षा ही हमारे उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लालाराम साहू ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्राचार्य एफआर पुनाचा ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, आगामी योजनाओं तथा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का मुख्य लक्ष्य शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों के ठहराव को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दानी मिश्रा, एसएमसी के सदस्य, बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागारिक, विद्यार्थिगण, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# विद्युत सब स्टेशनों को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और निर्बाध बनाने एक बड़ी पहल की है। रायपुर के शंकर नगर स्थित स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह के साथ ऊर्जा विभाग/विद्युत मंडल के विधायक व सांसद प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी की एक कार्य-लक्षित बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजनांदगांव की वर्तमान विद्युत व्यवस्था को सुधारने और अगले 25 वर्षों के भविष्य को ध्यान में रखकर बुनियादी ढांचे के उन्नयन व विकास पर बिंदुवार गहन चर्चा की गई। डॉ. सिंह ने जनहित से जुड़े इन प्रस्तावों पर राज्य शासन के उच्च अधिकारियों को योजनाबद्ध और त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। खैरागढ़ रोड से लगे शहर के पश्चिमी क्षेत्र को बेहतर वोल्टेज और निर्बाध बिजली देने ठेलकडीह से बजरंगपुर नवागांव होते हुए एक नई अंडरग्राउंड केबल बिछाई जाएगी।



## मिलेगा सिटी डिवीजन का दर्जा

शहर के लिए अलग से सिटी डिवीजन बनाने की शासकीय प्रक्रिया शुरू होगी। नया डिवीजन बनने से राजनांदगांव को अधिकारियों और साधन-संपन्न कर्मचारियों का एक पूरा नया सेटअप मिलेगा। वर्तमान अमले की तुलना में संख्या बल दोगुना हो जाने से शहरी क्षेत्र का रखरखाव बेहद सुगम हो जाएगा। शहर के दक्षिणी हिस्से बसंतपुर रोड, नंदई चौक और उससे आगे के क्षेत्रों की सुगमता के लिए एक नए दक्षिण जोन की प्रस्तावना को गति दी जाएगी।

## मोहारा सब-स्टेशन को जल्द मिलेगी मंजूरी

पूर्व में प्रस्तावित मोहारा 33/11 केवी सब-स्टेशन के काम को प्रस्तावना स्तर से निकालकर धरातल पर लाने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस सब-स्टेशन के स्थापित होने से राजनांदगांव जिला विद्युत वितरण के मामले में अगले 25-30 वर्षों के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर और निर्बाध हो जाएगा। वर्धमान नगर के पीछे स्थित 18 एकड़ सरकारी जमीन पर एक और नए 33/11 केवी सब-स्टेशन के निर्माण के लिए शासन स्तर पर गंभीर प्रयास शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे शहर का दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र सीधे लाभान्वित होगा।

